Skill Development Programme
For Answer Writing
INTERNAL SECURITY
21 AUGUST 11:45 AM

प्र.1 भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध प्रवासन से भारतीय आंतरिक सुरक्षा के समक्ष किस प्रकार की चुनौतियां उत्पन्न होती है? स्पष्ट करें। **(200 शब्द)**

मॉडल उत्तर

भूमिका में निम्न बातों को शामिल करें-

- भारत-बांग्लादेश सीमा-विस्तार, प्रकृति तथा आकार को बतायें।

विषय वस्तु के लिये निम्न बातों पर चर्चा करें-

⇨ **प्रथम पैरा में अवैध प्रवासन को एवं उसके कारणों को बतायें, जिसमें-**

- भारत-बांग्लादेश सीमा का गांव, खेतों व नदियों से होकर गुजरना।
- सीमा का छिद्रदार होने के कारण आसानी से सीमा पार आना-जाना।
- अवैध प्रवासन से जनांकिकीय स्वरूप का बदलना,
- सीमा पार के अलगाव वादी आंदोलनों का भारतीय लोगों पर प्रभाव,
- नृशंस नृजातीय संघर्ष व विद्रोहियों का भाग कर सीमापारीय क्षेत्रों में छिप जाना,
- मादक पदार्थों हथियारों व मानव की तस्करी, आदि।

⇨ **द्वितीय पैरा में प्रथम पैरा की बात को जारी रखते हुए सीमा सुरक्षा प्रबंधन को बतायें-**

- सीमा पर सीमा-सुरक्षा-बल के सैनिकों की तैनाती,
- सीमा सुरक्षा चौकियों का विकास,
- नदियों तथा क्रीकों की निगरानी के लिये बी एस एफ की जल कमान की तैनाती,
- सेना के स्तर पर द्विपक्षीय तंत्र की स्थापना तथा सीमा समन्वय सम्मेलन आदि।

अंत में संक्षिप्त, संतुलित व सारगर्भित निष्कर्ष दें।